फतेहगढ़ पुलिस

बालिका के लापता होने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

जागरण संवाददाता, फर्रुखाबाद : रामनगरिया मेले से एक दुकानदार की ढाई वर्षीय पुत्री लापता हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस में हलचल मच गई। पुलिस ने मेला क्षेत्र में बालिका की खोजबीन की। दो घंटे बालिका के सकुशल मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। दो युवकों से पूछताछ की जा रही है।

जनपद अलीगढ़ के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी कुणाल पाठक पांटून पुल के पास खाद्य सामग्री की दुकान लगाए हैं। उनका परिवार भी साथ है। ढाई वर्षीय पुत्री भूमि पाठक शाम को अचानक लापता हो गई। मोहल्ला पक्कापुल व टाउनहाल निवासी दो युवक पास में ही खिलौने की दुकान लगाए हैं। एक युवक भी मौजूद नहीं था। इस पर स्वजन को शक हुआ। कुणाल की पत्नी ने युवक के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन युवक ने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। शहर कोतवाली व मेला कोतवाली प्रभारी फोर्स लेकर खोजबीन में जुट गए। मनोरंजन क्षेत्र में देर शाम बालिका सकुशल मिल गयी। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पड़ोसी दुकानदार युवक बालिका को झूला झुलाने लग गया था। शोर में उसे मोबाइल की घंटी सुनाई दी। बाद में उसी ने बालिका की मां के फोन पर काल कर मनोरंजन क्षेत्र में होने की जानकारी दी। इससे लगता है कि इरादा गलत नहीं था। पूछताछ जारी है।

युवक को पीटा: फर्रुखाबाद : आवास विकास कालोनी निवासी एक युवक दोस्तों के साथ रामनगरिया मेले में गया था। दुकानदारों ने देर रात उसके चोरी करने के लिए आने का आरोप लगाकर पिटाई कर दी। इसको लेकर विवाद हो गया।

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

नगर में किया गया पैदल मार्च

फर्रुखाबाद। अपर पुलिस अधीक्षक ने शनिवार की रात नगर में पुलिस पार्टी को साथ लेकर रूट मार्च किया। जिन स्थानों पर पुलिस की डयूटी लगायी गयी थी उनको भी चेक किया गया। सर्दी के मौसम में पुलिस को चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये। कहा गया कि पुलिस कर्मी डयूटी पर हर समय अलर्ट रहें। कहीं दिक्कत लगे तो तुरंत जानकारी दें।

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर भाग रहे चोर को दबोचा

कंपिल, संवाददाता। चोरों ने घर के बाहर खड़ी ट्राली चोरी कर ली। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर एक चोर को ट्रैक्टर ट्राली सहित दबोच लिया।

क्षेत्र के गांव दूंदेमई निवासी मनोज बाथम ने बताया कि वह रोज की भांति ट्रैक्टर ट्राली को दरवाजे पर खड़ा देता है। शानिवार देर रात चोरों ने ट्राली को ट्रैक्टर में लगाकर ले जाने लगे। उसी समय खटपट की आवाज सुन परिजन जाग गए। शोर मचाने पर चोरों ने ट्रैक्टर ट्राली को बदायूं मार्ग पर दौड़ा दिया। ग्रामीणों ने चोरों की घेराबंदी कर एक चोर को ट्रैक्टर ट्राली सहित दबोच लिया।

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

धोखाधड़ी के आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

संकिसा। धोखाधड़ी के दर्ज हुये मुकदमे में फरार चल रहे गगन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को काफी दिनों से इसकी तलाश थी। पुलिस इसे पकड़ने के लिए संभावित स्थानों पर छापे मार रही थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना पर इसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

फर्रुखाबाद। जिले भर में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अपने अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस की टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चौकी इंचार्ज और थानेदार प्रमुख स्थानों पर पहुंचे ।

मीडिया सेल

फर्रुखाबाद 22 किमी.
बरेली 142 किमी.
आपकी यात्रा मंगलमय हो
बेवर 18 किमी.
इटावा 77 किमी.
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, फतेहगढ़
realme Shot on realme 8 5G
2023.01.22 18:20

realme Shot on realme 8 5G
2023.01.22 18:20